## प्लिंथ बीम नदारद, घटिया सामग्री का इस्तेमाल, ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

# रैनीखेड़ा पंचायत में बाउंड्रीवॉल निर्माण में घोटाला!

# गुणवत्ता दरकिनार, दीवारों में आई दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

तामिया जनपद पंचायत के झिरपा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत रैनीखेड़ा में पंचायत भवन की बाउंड्री वॉल निर्माण में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। 15वें वित्त आयोग की राशि से किए जा रहे इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। सबसे गंभीर बात यह है कि बाउंड्री वॉल में प्लिंथ बीम का कहीं अता-पता नहीं है, जबकि यह किसी भी निर्माण की मजबूती का मुख्य आधार होता है। इसके अलावा, दीवारों में शुरुआती चरण में ही दरारें पड़ने लगी हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण में उपयोग की जा रही ईंटें बेहद घटिया और घुलनशील हैं, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। हैरानी की बात यह भी है कि महीनों से यह निर्माण कार्य अधूरा और बंद पड़ा हुआ है, जिससे पूरे मामले पर संदेह और गहरा गया है।



### मिलीभगत की जताई जा रही आशंका

ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्माण कार्य में पंचायत सचिव, उपयंत्री, सहायक यंत्री और ठेकेदार के बीच मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। आरोप है कि इसी सांठगांठ के चलते सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।



### कागजों में सीमित निरीक्षण

जहां एक ओर कलेक्टर द्वारा शासकीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए जाते हैं, वहीं जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जनपद स्तर के अधिकारी केवल कागजों में निरीक्षण कर 'सब ठीक है' की रिपोर्ट तैयार कर देते हैं, जबकि मौके पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचता।

### तराई तक नहीं, सिर्फ खानापूर्ति

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि निर्माण कार्य के दौरान तराई (क्योरिंग) के नाम पर एक बूंद पानी तक नहीं डाला गया, जिससे दीवारों की मजबूती और कम हो गई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया।

### ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे जिला पंचायत सहित उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराएंगे।

## गंभीर एनीमिया पर मिली जीत, सुरक्षित मातृत्व अभियान को मिली एक और सफलता



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिले में माताओं और शिशुओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें समय पर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनकी नियमित जांचें, मॉनिटरिंग और देखभाल सुनिश्चित करते हुए सुरक्षित प्रसव के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता, समर्पण और सतत प्रयासों से सुरक्षित मातृत्व अभियान को बीते दिनों एक और सफलता मिली है। सामूहिक प्रयासों ने छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड जुन्नारदेव के ग्राम बुर्रिखुर्द की गंभीर एनीमिक श्रीमती रंजीता यादव का सुरक्षित प्रसव कराया है। सीमित संसाधनों और प्रारंभिक असहमति जैसी परिस्थितियों के बावजूद, सही समय पर हस्तक्षेप और निरंतर मार्गदर्शन से एक जटिल स्थिति को सुरक्षित मातृत्व में परिवर्तित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जुलाई 2025 को गर्भावस्था के लगभग 10 सप्ताह की अवस्था में श्रीमती रंजीता प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुर्रिखुर्द में जांच के लिए पहुंचीं थीं। जांच के दौरान उनका हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 6 ग्राम पाया गया, जो गंभीर एनीमिया की स्थिति को दर्शाता है। इस पर उन्हें जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए प्रेरित किया गया, लेकिन प्रारंभ में उनके परिवार द्वारा वहां जाने से मना कर दिया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिनांक 21 जुलाई 2025 को मेडिकल ऑफिसर डॉ. रोहिल उम्मन, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर एवं अंतरा फाउंडेशन की टीम द्वारा उनके निवास पर पहुंचकर गहन काउंसलिंग की गई। प्रारंभ में परिवार उपचार के प्रति सहमत नहीं था, परंतु स्वास्थ्य टीम के सतत प्रयास, समझाइश और विश्वास निर्माण के परिणामस्वरूप वे आवश्यक उपचार एवं देखभाल के लिए तैयार हुए। उन्हें संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित रूप से आयरन-फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन करने तथा प्रथम तिमाही के पश्चात एफ.सी.एम इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी गई। साथ ही उन्हें नियमित जांच के लिए पीएचसी, सीएचसी एवं पीएमएसएमए विजिट करने के लिए प्रेरित किया गया।

## म.प्र. राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री नेताम का छिंदवाड़ा दौरा 6 मई को

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम 6 मई को जिला सिवनी से प्रस्थान कर शाम 4 बजे जिला छिंदवाड़ा पहुंचेंगे। आगमन के बाद वे कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में अनुसूचित जनजाति विभाग की संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे। इस बैठक में जिला प्रशासन एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद श्री नेताम शाम 5 बजे सर्किट हाउस छिंदवाड़ा पहुंचकर आम नागरिकों से भेंट करेंगे। शाम 6 बजे वे नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहके एवं जनजातीय समुदाय के वरिष्ठजनों से उनके निवास स्थल पर पहुंचकर सौजन्य भेंट करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री नेताम शाम 7:30 बजे छिंदवाड़ा से अमरवाड़ा के ग्राम बांकामुकासा पहुंचेंगे, जहां वे श्री विजय सिंह चंदेल के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे रात्रि 8 बजे बालाघाट के दमोह (बिरसा) के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रारंभ, जिले भर के बैडमिंटन खिलाड़ी दिखा रहे प्रतिभा



**छिंदवाड़ा।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में किया जा रहा है आज प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के कोतवाली टी आई श्री आशीष धुर्वे जी तथा प्रतियोगिता के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस,डी एसओ के के चौरसिया,डॉ अनिल जैन,सुनील मिगलानी,अजय सिंग,अभिषेक वर्मा,एस आई चेतन मर्सकोले,इंद्रजीत पटेल,पवन मालवी,श्रीमती कैफी गर्ग,श्रीमती मेघा मिगलानी खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु उपस्थित रहे। स्पर्धा सचिव जावेद खान ने बताया कि जिले भर के 11,13,15,17,19 वर्ष बालक बालिका 136 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। स्पर्धा भारतीय बैडमिंटन संघ के नियमानुसार खेली जा रही है जिसमें खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा आज 5 मई को प्रतियोगिता के दूसरे चक्र के मैच खेले जाएंगे एवं डबल्स के प्रथम चक्र के मैच खेले जाएंगे निर्णायक के रूप जावेद खान, योगेश चंद्रवंशी, तरुण विश्वकर्मा, अमित सोनी, विनय चंदेल, रत्नेश दुबे, अथर्व गुप्ता, महिमा यादव, , लक्ष्मी मार्को, पार्थ चौकसे, वैभव वाडिया एवं तनिष्का विश्वकर्मा अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## पांढुर्ना जिला कांग्रेस में प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**छिन्दवाड़ा:-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार पांढुर्ना जिला कांग्रेस में प्रकोष्ठों के अध्यक्ष नियुक्त कि गए हैं। पांढुर्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उइके द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कुल 39 पदों पर नई नियुक्तियां की गई है। कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र ठाकरे, जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ रत्नाकर कामडे, धर्म एवं मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ अमोल धर्माधिकारी, शिक्षक प्रकोष्ठ किसन कवरेती, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ विलास डाबरे, खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ हरीश गायधने, डॉक्टर एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. नितिन देवड़ा, वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रदीप उइके, परिवहन प्रकोष्ठ सुधीर पालीवाल, स्वर्णकला समाज प्रकोष्ठ बाबा गुलतकर, उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ अशोक कोल्हे, पूर्व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ रमेश धारपुरे, तकनीकी प्रकोष्ठ अनिल खंडार, मेकेनिक एवं ड्राइवर एकता प्रकोष्ठ आरीफ भाई, व्यवसायिक कोचिंग प्रकोष्ठ रविंद्र कवड़े, तेंदूपत्ता वनोपज प्रकोष्ठ रामप्रसाद उइके, दर्जी सिलाई कला प्रकोष्ठ राधेश्याम घागरे, भू अधिग्रहण प्रकोष्ठ अनिल पटेल, महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ श्रीमती सुमित्रा बाई मौजे, फुटकर महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ में जिला अध्यक्ष पद पर संजय तहकीत मनोनती किए गए हैं।

# नियमों का पालन न करने वाले डीजे एवं लॉन संचालकों पर होगी कड़ी कार्यवाही

### ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर कुमार जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन लॉन एवं मैरिज गार्डनों के पास वैध लाइसेंस नहीं हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से सील किया जाए। साथ ही जिन संस्थानों के पास लाइसेंस उपलब्ध हैं, उनसे निर्धारित मानकों के अनुसार ध्वनि नियंत्रण एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित डेसिबल सीमा से अधिक ध्वनि प्रसारित करने वाले डीजे संचालकों एवं आयोजकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का लाउडस्पीकर या डीजे संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# मेरिट से खिलवाड़! मोहखेड़ ब्लॉक में अतिथि खेल शिक्षक भर्ती पर बड़ा सवाल

### ब्लॉक सूची में नाम नहीं, फिर भी शिकारपुर शासकीय उमावि में हो गई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिकारपुर में अतिथि खेल शिक्षक की नियुक्ति को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। यह मामला अब सिर्फ एक नियुक्ति का नहीं, बल्कि पूरी चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रहा है।

सूत्रों से खबर है कि जिस अभ्यर्थी खुशी मिले को नियुक्त किया गया है, उसका नाम मोहखेड़ विकासखंड की आधिकारिक मेरिट सूची में शामिल ही नहीं है। चौंकाने वाली बात यह है कि उक्त अभ्यर्थी का नाम विकासखंड छिंदवाड़ा की मेरिट सूची में क्रमांक 35 पर दर्ज बताया जा रहा है। इसके बावजूद उन्हें मुखेड़ ब्लॉक के विद्यालय में नियुक्त कर दिया गया, जो नियमों और प्रक्रियाओं की खुलेआम अनदेखी मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस नियुक्ति को लेकर भारी असंतोष व्याप्त है।

आरोप है कि मोहखेड़ ब्लॉक की मेरिट सूची में शामिल करीब 12 पात्र अभ्यर्थियों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। ये सभी अभ्यर्थी न केवल स्थानीय हैं, बल्कि उनके पैनल स्कोर भी अधिक बताए जा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक मोहखेड़ ब्लॉक में ऐसे कई अभ्यर्थी हैं जिनके अंक नियुक्त अभ्यर्थी से कहीं अधिक हैं। इनमें आनंद कुमार साहू, सुधीर कुमार ताम्रकार, राजकुमार शिंदे, रानी जवारे और नितिन जैसे नाम शामिल हैं, जिनका पैनल स्कोर 79.62 से अधिक है। इसके बावजूद उन्हें मौका न देकर बाहर की सूची में शामिल अभ्यर्थी को प्राथमिकता देना चयन प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। स्थानीय अभ्यर्थियों का कहना है कि यह सीधे तौर पर उनके अधिकारों का हनन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि नियमों को ताक पर रखकर की गई इस नियुक्ति से न केवल योग्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय हुआ है, बल्कि पूरे सिस्टम की निष्पक्षता पर भी आंच आई है। मामले को लेकर लोगों में खासा आक्रोश है। अभ्यर्थियों और उनके परिजनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस नियुक्ति को निरस्त नहीं किया गया तो वे जिला कलेक्टर से लेकर उच्च स्तर तक शिकायत करेंगे। साथ ही विभिन्न मंचों के माध्यम से विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इस पूरे प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। लोगों का मानना है कि ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष जांच बेहद आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

### पारदर्शिता और मेरिट को दी जानी चाहिए सर्वोच्च प्राथमिकता



विशेषज्ञों का कहना है कि अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और मेरिट को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि इस तरह की अनियमितताएं जारी रहीं, तो यह न केवल शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करेंगी, बल्कि युवाओं के मनोबल पर भी नकारात्मक प्रभाव डालेंगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होती है या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। फिलहाल, मोहखेड़ ब्लॉक की यह नियुक्ति पूरे जिले में चर्चा और विवाद का विषय बनी हुई है।

# बंगाल, असम की प्रचंड जीत जनता की मोदी जी पर विश्वास की जीत: सांसद

### भाजपा की ऐतिहासिक जीत का सांसद कार्यालय में मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विधानसभा चुनावों की जीत का जश्न भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने छिन्दवाड़ा में भी मनाया। सोमवार को विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होने लगा था, दोपहर करीब 3 बजे उत्साही कार्यकर्ता सांसद बंटी विवेक साहू के परासिया रोड स्थित कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और आतिषबाजी कर आमजन के साथ-साथ कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मिठा कराया।

उल्लेखनीय है कि सांसद ने बंटी विवेक साहू असम में 6 विधानसभाओं डिफू, हावड़ाघाट, बोकाजान, अमरी, रांगखोंग और हॉफ़लांग में प्रचार में अहम भूमिका निभाई थी, जिसमें भाजपा प्रत्याशियों ने प्रचंड मतों से विजयश्री हासिल की है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि बंगाल, असम की प्रचंड जीत जनता की मोदी जी पर विश्वास की जीत है। इस अवसर पर मीडिया से अनौपचारिक चर्चा में महापौर विक्रम अहके ने कहा कि यषस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं पर पश्चिम बंगाल, असम, पोंडिचेरी सहित अन्य विधानसभाओं की जनता ने भरोसा कर पार्टी को दिल खोलकर आशीर्वाद दिया है। आधुनिक राजनीति के चाण्क्य ग्रहमंत्री अमित शाह के कुशलन मार्गदर्शन में पार्टी को भरपूर सफलता हासिल हुई है।

### भाजपा की जीत पर सौंसर में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**सौंसर।** सोमवार को पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत का उत्साह अब मध्य प्रदेश के पांढुर्णा जिले में भी देखने को मिल रहा है। सौसर के मुख्य बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर जीत का जोरदार जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। बस स्टैंड पर आयोजित इस विजय उत्सव में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा संगठन के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। पूरा परिसर 'भारत माता की जय' और 'विजयी भाजपा' के नारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने पश्चिम बंगाल की जनता और वहां के निष्ठावान कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कीयह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किए जा रहे 'सबका साथ, सबका विकास' के कार्यों की जीत है। बंगाल की जनता ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताया है और भारी बहुमत देकर यह सिद्ध कर दिया है कि देश की जनता विकास के साथ है।जश्न के इस माहौल में जिला अध्यक्ष संदीप मोहड़, रामकृष्ण वाकोड़े,सौसर मंडल भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाडे,एड, हरीश बत्रा, नरेंद्र कुकड़े रविशंकर धुर्वे, पप्पी सेलुकर गोलू वाडेकर, खुशाल उफ़ाट, भारत तरारे के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुशासन पर मुहर, भाजपा का उत्साह चरम पर, मनाया विजय उत्सव



छिंदवाड़ा। पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को सुशासन, विकास और जनकल्याणकारी नीतियों के आधार पर प्राप्त व्यापक जनसमर्थन के उपलक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय में भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में उत्साह, उल्लास और ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला, जहां कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई एवं झालमुडी खिलाकर बधाई देते हुए ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की गरिमामयी उपस्थिति में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से झालमुड़ी का वितरण किया गया, जो पश्चिम बंगाल का लोकप्रिय नाश्ता है, और इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी साझा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि यह विजय भाजपा के सुशासन, विकास के प्रति प्रतिबद्धता और आमजन के अटूट विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाएं विशेषकर गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किए गए कार्य ही इस जनसमर्थन का आधार हैं। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सफलता से वहां सुशासन और कानून व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी तथा देश की आंतरिक सुरक्षा भी सुदृढ़ होगी। झालमुड़ी वितरण के दौरान उन्होंने उल्लेख किया कि यह पश्चिम बंगाल का अत्यंत प्रिय नाश्ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा झालमुड़ी के माध्यम से दिया गया संदेश अब वास्तविकता में परिवर्तित होता दिखाई दे रहा है, और आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में कानून का राज स्थापित होगा।

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

# शिकायतों का समय सीमा के अंदर हो निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त सी.पी.राय, उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य एसडीएम और विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, न्यायालयीन प्रकरणों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। विभिन्न अंतर्विभागीय विषयों पर भी चर्चा हुई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी शिकायतों एवं पत्रों का समय सीमा के अंदर एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की हुई समीक्षा

जल संरक्षण और जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के लिए 30 जून 2026 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। जिसमें ग्रामीण विकास विभाग में जिले की रैंकिंग प्रदेश में छठवें स्थान के लिए संतोष व्यक्त किया, वहीं अन्य विभागों को गति के साथ लक्ष्य के विरुद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही किए हुए कार्यों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। शासन स्तर से पोर्टल पर दर्ज जानकारी के आधार पर ही समीक्षा की जा रही है।

### खरीदी का कार्य रहे सुचारू, केंद्रों पर रहे पूरी नजर

कलेक्टर श्री नारायन ने गेहूं उपार्जन की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार और उपार्जन समिति के सदस्यों को खरीदी कार्य और उपार्जन केंद्रों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए और कहा कि खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चलना चाहिए। खरीदी केंद्रों में पर्याप्त संख्या में तौल कांटे, बारदाने, सिलाई धागा, छाया, पानी, हम्मालों की व्यवस्था सुनिश्चित हो, जिससे तुलाई का कार्य गति के साथ हो और किसानों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम को उपार्जित फसल का उठाव और परिवहन भी समय पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री नारायन के लगातार फॉलोअप से विद्युत मंडल द्वारा ओझलढाना की विद्युत समस्या दूर कर दी गई है। आज टी एल बैठक में अधीक्षण यंत्री ने समीक्षा के दौरान ओझलढाना 33/11 केव्ही उपकेंद्र एवं उपकेंद्र से संबंधित लाइनों के कार्य पूरे होने की जानकारी दी।

### नगर पालिका की मेहरबानी या लाचारी, खिलाड़ियों और अग्निवीर अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर

# नियमों को ठेंगा, 8 दिन की अनुमति, 16वें दिन भी पांढुर्णा के नपा मैदान पर स्वदेशी मेले का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा (अजय तावरे)



स्थानीय एमपीएल मैदान पर आयोजित स्वदेशी मेले ने सरकारी नियमों और खेल प्रेमियों की भावनाओं को ताक पर रख दिया है। मध्य प्रदेश शासन से केवल 8 दिनों की अनुमति मिलने के बावजूद, आज 16 दिन बीत जाने के बाद भी मैदान खाली नहीं हो सका है। आलम यह है कि आयोजकों ने 12 दिनों तक धूमधाम से आयोजन किया, लेकिन अब मेला खत्म होने के बाद भी आधा मैदान ट्रकों, झूलों और तंबुओं के कब्जे में है।

**खिलाड़ियों की गतिविधियां ठप, अग्निवीर अभ्यर्थी परेशान**

इस मैदान पर पांढुर्णा के सैकड़ों खिलाड़ी और सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे अग्निवीर अभ्यर्थी प्रतिदिन अभ्यास करते हैं। पिछले 15 दिनों से इन युवाओं की खेल गतिविधियां पूरी तरह ठप पड़ी हैं। मैदान पर जगह-जगह गड़े तंबू और खड़े भारी वाहनों के कारण अभ्यास करना नामुमकिन हो गया है, जिससे युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**कौड़ियों के दाम पर दिया मैदान, 15,000 में डील**

हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका पांढुर्णा ने इतने विशाल मैदान के बदले आयोजकों से 10 दिनों के लिए मात्र 15,000 का मामूली टैक्स लिया। शहर के जागरूक नागरिकों का सवाल है कि क्या नगर पालिका किसी अन्य सामान्य व्यक्ति या संस्था को इतना बड़ा मैदान इसी दर पर उपलब्ध कराएगी ? चर्चा है कि इस आयोजन के पीछे भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का हाथ है, जिसके चलते प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

**लाखों की वसूली पर गहराया रहस्य**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मेले में लगी लगभग 100 से 150 दुकानों से कुछ लोगों ने प्रति दुकानदार 5,000 से 7,000 रू. तक वसूले गए। इस हिसाब से दुकानदारों से करीब 7 लाख रू. से अधिक की राशि एकत्रित की गई। अब सवाल यह उठ रहा है कि सरकारी मैदान का उपयोग कर वसूली गई इस भारी-भरकम राशि का उपयोग कहाँ और किस मद में किया गया ? इसकी कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

**प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल**

अनुमति की अवधि समाप्त होने के कई दिन बाद भी नगर पालिका द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न करना कई संदेह पैदा करता है। आखिर क्यों एक निजी आयोजन के लिए शहर के खिलाड़ियों के भविष्य के साथ समझौता किया जा रहा है ?

## बरगी डैम के मृतकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत दिवस जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज डूबने की घटना में मृतक हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए आज यहां बस स्टैंड परिसर में श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट के मौन धारण के समय इस घटना के स्मरण ने सभी उपस्थितों की आंखें नम कर दी। श्रद्धांजलि के अवसर पर नगर के सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के अलावा नागरिकगण मौजूद रहे। सभी ने मृतात्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए पीडित परिवारों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। नागरिकों ने ऐसी घटना कहीं भी दोबारा ना हो इसके लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध कराए जाने की मांग शासन से की। इस मौके पर विशाल जामसांवली पदयात्रा समिति, हम फाउंडेशन, जनसेवा समिति तथा आर.एस.एस. के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## नगर पालिका वाटर बॉडी निर्माण में भारी अनियमितता

### पार्षदों ने मोर्चा खोल मुख्य नगर पालिका अधिकारी से की अंतिम भुगतान रोकने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर पालिका कार्यालय के ठीक पीछे जनहित और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बनाई गई नई वाटर बॉडी (जलाशय) विवादों के घेरे में आ गई है। नगर के तीन जागरूक पार्षदों—संजय जैन, राजेंद्र सूर्यवंशी और प्रमोद बंदेवार—ने इस निर्माण कार्य में गंभीर तकनीकी खामियों और वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया है। पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे को संयुक्त हस्ताक्षरित शिकायती आवेदन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच होने तक ठेकेदार का अंतिम देयक (फाइनल बिल) रोकने की कड़ी मांग की है।

भौतिक सत्यापन में खुली पोलः घटिया सामग्री से लेकर डीपीआर के उल्लंघन तक गंभीर तकनीकी खामियांशिकायतकर्ता सभापति अपील समिति सदस्य संजय जैन, पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी,और पार्षद प्रमोद बंदेवार,ने संयुक्त रूप से मौके पर जाकर इस वाटर बॉडी का भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) किया। पार्षदों का आरोप है कि इस निर्माण में स्वीकृत नक्शे और डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) के तकनीकी मापदंडों का जमकर मखौल उड़ाया गया है। जांच में निम्नलिखित गंभीर तकनीकी और सुरक्षा संबंधी कमियां पाई गई हैंः

**सीपेज और दरारेंः** निर्माण पूरा होते ही जलाशय की दीवारों और तलहटी में बड़ी दरारें दिखाई देने लगी हैं, जिससे पानी का लगातार रिसाव (सीपेज) हो रहा है।

**घटिया निर्माण सामग्रीः** वाटर बॉडी के स्ट्रक्चर में प्रयुक्त सीमेंट, कंक्रीट और अन्य मटेरियल की गुणवत्ता बेहद दोयम दर्जे की है।

**कम माप और गहराईः** स्वीकृत डीपीआर के अनुसार जितनी गहराई और बाउंड्रीवॉल का माप होना चाहिए था, मौके पर कार्य उससे काफी कम किया गया है।

## युवक ने लगाई फांसी, पुलिस आत्महत्या का कारण पता लगाने में जुटी जुन्नारदेव पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत छबड़ा में एक युवक की फांसी लगाने की सूचना मिली तत्काल एएसआई रमन सिंह पंद्रे प्रधान आरक्षक राम अवतार तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे शव को फांसी के फंदे से उतारा मर्ग कायम कर पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान महेश पिता रकनलाल उईके उम्र 25 साल निवासी ग्राम पंचायत राजथारी थाना तामिया निवासी के रूप में की गई मृतक अपने ससुराल से आ रहा था तभी आम के पेड़ पर रास्ते में रुका और फांसी लगाकर अज्ञात कारण के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है आखिर किस कारण से फांसी लगाई पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़कर पता लगाने में जुट गई है फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा घटना आज दिन रविवार की है।

## जल स्त्रोत बढ़ाने के बताये उपाय

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्त्रोतों का स्तर बढाऩे के लिए सेक्टर क्रमांक 03 की नवांकुर संस्था अपूर्वा फाऊंडेशन के तत्वावधान मे ग्राम रंगीन खापा मे जन जागरूकता लाने चौपाल लगाकर जल संवर्धन के बताये उपाय एवं बरसाती जल को रोकने ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर खंत्ती खुदाई की। अपूर्वा फाऊंडेशन के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया की जल ग्रहण मिशन की कल्पना को साकार करने के लिए रंगीन खापा की टेकड़ी को हराभरा करने पहाडियों का भूप्रबंधन लिए ग्रामीणो के साथ मिलकर सी एम सी एल डी पी के छात्रो ने श्रम दान कर ट्रंच कंटूर 6/3 के खोदकर बनाये गये जिससे की बरसात का पानी उन गड्ढों मे भरे ओर भूक्षरण को रोका जा सके।

## मेन्टल हेल्थ जागरूकता पर वर्कशॉप



**परासिया :-** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में 4 मई में 2026 को प्रातः 11:00 से मेंटल हेल्थ जागरूकता पर एक वर्कशाप आयोजित की गई। जिसमें सुश्री सुधा साहू मनोवैज्ञानिक द्वारा संस्था के विद्यार्थियों के समक्ष चिंता, अवसाद, नकारात्मक विचारों का आना, परीक्षा से घबराना,अकारण दुखी रहना, कमजोरी महसूस करना, नींद ना आना या अत्यधिक नींद आना, मानसिक रूप से कमजोर व्यक्तित्व के लक्षण व उनकी कैसे मदद की जा सकती है, किशोरावस्था में हार्मोनल बदलाव के कारण बदलावों से कैसे निजात पाई जाए और आत्महत्या जैसे मुद्दों पर विचार विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। तकनीकी संस्थान में इस तरह की वर्कशॉप को विशेष रूप से छात्राओं ने अत्यधिक लाभकारी बताया कार्यक्रम में एच डी पाटिल प्राचार्य, नोडल अधिकारी लीलेन्द्र वासनिक, सहायक नोडल अधिकारी रितु मेवाडे, मनीष घई ,श्री मुकेश नाग, श्रीमती हिना राजवंशी, रवि, आनंद व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे का हल्ला बोलः लांजी-किरनापुर की अनदेखी पर सरकार घिरी

### किसानों का बोनस अटका, पंचायतों पर बिजली बिल का बोझ और कन्यादान योजना में देरी, श्रीमति उमरे ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी-किरनापुर क्षेत्र में विकास और जनकल्याण योजनाओं की कथित उपेक्षा को लेकर जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे ने सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ तीखा मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर क्षेत्र की समस्याओं को उजागर करते हुए प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। श्रीमति उमरे का आरोप है कि जिले के अन्य हिस्सों में योजनाओं का लाभ तेजी से दिया जा रहा है, जबकि लांजी विधानसभा क्षेत्र को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

ज्योति उमरे ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नल-जल योजना के तहत ग्राम पंचायतों से बिना मीटर लगाए ही औसत बिलिंग के नाम पर लाखों रुपये वसूले जा रहे हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अवैध बताते हुए कहा कि जब मीटर ही नहीं लगाए गए हैं, तो बिजली खपत का आंकलन कैसे किया जा रहा है। इस कारण पंचायतों का विकास बजट प्रभावित हो रहा है और जरूरी कार्य अटक रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस व्यवस्था की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।



किसानों की स्थिति को लेकर उमरे ने कहा कि क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा के कारण भारी नुकसान हुआ है, लेकिन सर्वे रिपोर्ट में वास्तविक स्थिति को नजरअंदाज कर दिया गया। उनका दावा है कि लगभग 75 प्रतिशत फसल खराब होने के बावजूद किसानों को न तो बीमा राशि मिल रही है और न ही मुआवजा। उन्होंने 2023 के चुनावी वादों की याद दिलाते हुए पूछा कि धान की खरीदी 3100 प्रति क्विंटल और 900 बोनस का वादा अब तक पूरा क्यों नहीं हुआ। उमरे ने इसे किसानों के साथ अन्याय बताते हुए तत्काल राहत देने की मांग की।

ज्योति उमरे ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना को लेकर भी प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जिले की अन्य तहसीलों में योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, लेकिन लांजी-किरनापुर क्षेत्र में अब तक कोई पहल नहीं हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यहां की बेटियां सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं हैं। उमरे ने क्षेत्रीय विधायक और सांसद पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनकी निष्क्रियता के चलते अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर उग्र

## केवि बालाघाट का खेलों में जलवा, अंडर-14 बास्केटबॉल में लगातार तीसरी बार गोल्ड

**बालाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट ने क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 बालक बास्केटबॉल वर्ग में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह प्रतियोगिता 28 से 30 अप्रैल 2026 तक केवी जीसीएफ नं. 1 जबलपुर में आयोजित हुई। विद्यालय की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासित और प्रभावशाली खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ अंडर-14 वर्ग के 10 खिलाड़ियों का चयन केवीएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (NSM) के लिए हुआ है। इसके अलावा अंडर-17 बालक बास्केटबॉल वर्ग से भी 1 खिलाड़ी का चयन हुआ है। इस प्रकार कुल 11 छात्र अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता पर खतरा, कृषि विभाग की अपील आधुनिक तकनीक अपनाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में खरीफ सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन खेतों की सफाई के नाम पर पराली और मेड़ों में आग लगाने की प्रवृत्ति किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रथा न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि जमीन की उर्वरता को भी तेजी से घटा रही है।विशेषज्ञों का कहना है कि पराली जलाने से मिट्टी का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे केंचुए और लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। ये जीव मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इनके खत्म होने से किसानों को अधिक मात्रा में रासायनिक खाद और उर्वरकों का उपयोग करना पड़ता है, जिससे खेती की लागत बढ़ती है। इसके अलावा मेड़ों में आग लगाने से मिट्टी का कटाव भी बढ़ता है और उठने वाला जहरीला धुआं मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होता है। यह धुआं आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों के लिए भी जोखिम पैदा करता है।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जिले के किसानों को पराली न जलाने की सलाह देते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया है। विभाग के अनुसार हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसी मशीनों के माध्यम से बिना पराली जलाए ही धान और गेहूं की बुवाई की जा सकती है। ये मशीनें फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर उन्हें जैविक खाद में बदल देती हैं, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता सुधरती है और नमी भी बनी रहती है।सरकार द्वारा इन मशीनों की खरीद पर अनुदान भी दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसान इनका उपयोग कर सकें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि पराली जलाना कानूनन अपराध है और इसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे जागरूक बनें और पर्यावरण के साथ-साथ अपनी जमीन की उर्वरता को बचाने के लिए पराली न जलाएं। "सजग किसान की यही पहचान, पराली न जलाकर बढ़ाए मान।"

## रमपुरा में शासकीय जमीन पर कब्जे का खुला खेल, प्रशासन की चुप्पी पर उठे तीखे सवाल



### न्यायालय में मामला लंबित, फिर भी तेज रफ्तार से जारी निर्माण, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी तहसील के पटवारी हल्का नंबर 27 अंतर्गत ग्राम रमपुरा, पाथरगांव रोड स्थित नवीन ग्राम पंचायत भवन के सामने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला अब तूल पकड़ चुका है। दिनेश धारने, नरेश गजबे, बाबूलाल कारमेंघे सहित चार लोगों पर आरोप है कि वे वर्षों से सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे हैं और अब न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद निर्माण कार्य को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब मामला तहसील न्यायालय में विचाराधीन है, तो अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हैं कि वे खुलेआम निर्माण कर रहे हैं। तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी द्वारा समय पर सख्त आदेश जारी न किए जाने को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की ढिलाई के कारण ही अतिक्रमणकारियों को खुली छूट मिल रही है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया की गंभीरता पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।

ग्राम के कोटवार के अनुसार यह अतिक्रमण 10 से 15 वर्षों से चला आ रहा है। ऐसे में यह बड़ा सवाल खड़ा होता है कि इतने लंबे समय तक राजस्व विभाग क्या करता रहा। क्या हल्का पटवारी की नजर से यह सब ओझल रहा या फिर किसी संरक्षण में यह खेल चलता रहा? वहीं, वर्तमान सरपंच ने इसे पूर्व कार्यकाल का मामला बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है, जिससे पंचायत की भूमिका भी कटघरे में आ गई है।इधर, शासकीय भूमि से सटे किसानों ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि जिन लोगों के पास खुद की जमीन है, वे ही सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने की बात भी सामने आई है, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब जागता है और शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए ठोस कदम उठाता है।

### पारिवारिक विवाद बना वजह, मंगलवार को होगा अंतिम संस्कार

## संजीवनी 108 में पदस्थ डॉक्टर ने की आत्महत्या





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी संजीवनी 108 एंबुलेंस सेवा में पदस्थ ईएमटी डॉ. गौरीशंकर पटले ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार की सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है। जनचर्चा है कि गौरीशंकर पटले काफी लंबे समय से पारिवारिक विवादों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। बताया जा रहा है कि उनकी पत्नी और मां के बीच अनबन चल रही थी, जिसके चलते घर का माहौल तनावपूर्ण बना रहता था। इसी तनाव ने उन्हें गहरे अवसाद में धकेल दिया और उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। दोपहर 12 बजे पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अब मृतक के शव का मंगलवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। इधर, पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। इस घटना से स्वास्थ्य विभाग और संजीवनी 108 सेवा के कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. गौरीशंकर पटले अपने कार्य में निष्ठावान और संवेदनशील थे। वह मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे। अचानक से उनका इस तरह से मौत को गले लगाने से सभी स्तब्ध हैं। बताया जा रहा है कि डॉ गौरीशंकर पटले एक दिन पहले ही अपनी माता को उपचार के लिए सिवनी जिले के कुरई तहसील लेकर गए थे। वहीं सोमवार की सुबह भी आस-पास के लोगों ने उन्हें देखा था। करीब 07 बजे गौरीशंकर पटले ने अपने ही घर के प्रथम तल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**सेलवा में निवास कर रहे थे पति-पत्नीः** सांस-बहू के पारिवारिक विवाद के चलते डॉ गौरीशंकर पटले अपनी धर्मपत्नी डॉ भुनेश्वरी पटले और दो बच्चों के साथ ग्राम सेलवा में निवास कर रहे थे। अभी एक माह पूर्व ही माता की तबीयत अत्यधिक बिगड़ने की वजह से फिर से अपने घर छतेरा लौट कर आ गए थे। सेलवा में उनकी पत्नी डॉ भुनेश्वरी पटले एक किराए के कमरे में अपना क्लिनीक संचालित करती थी। उनकी मौत की खबर से सेलवा गांव के लोग भी पूरी तरह से अचंभित रह गए।

**संजीवनी 108 के ईएमटी रहते किया उत्कृष्ट कार्यः** संजीवनी 108 एम्बुलेंस सेवा के ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले ने अपने उत्कृष्ट कार्य से समाज में मिसाल पेश की थी। उन्होंने गंभीर दुर्घटना में त्वरित और साहसिक कदम उठाते हुए घायल व्यक्ति को समय पर प्राथमिक उपचार दिया और सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुँचाया। घटना स्थल पर स्थिति बेहद गंभीर स्थिति होने पर वह अपने धैर्य और कुशलता से काम करते हुए मरीज की जान बचाने का काम करते रहे। उनकी तत्परता और पेशेवराना अंदाज की सराहना स्थानीय नागरिकों और प्रशासन दोनों ने की है। उनके निधन से क्षेत्र में गहरा शोक देखने को मिल रहा है

## हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय परीक्षा 2026 के प्रवेश-पत्र जारी

**बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश-पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षाएं 7 मई 2026 से प्रारंभ होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र MPONLINE के आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्र-छात्राएं वेबसाइट www.mpbse.mponline.gov.in पर जाकर अपना प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते अपना प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लें तथा उसमें अंकित जानकारी जैसे नाम, विषय, परीक्षा केन्द्र आदि का मिलान अवश्य कर लें। किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर तत्काल संबंधित संस्था या मण्डल कार्यालय से संपर्क करें।

**खबर संक्षेप**

### कोटपा अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (COTPA-2003) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुपालन को लेकर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, जिसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में COTPA-2003 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अपने-अपने विभागीय क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, चालानी कार्यवाही, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान एवं तंबाकू मुक्त गांव बनाने की दिशा में कार्य करते हुए जनजागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि तंबाकू सेवन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### शनि अमावस्या पर 16 मई को आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के श्री सिद्धशनि धाम ट्रस्ट द्वारा भगवान शनिदेव जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन 16 मई शनिवार को किया जा रहा है। यह आयोजन बंजारी टेकरी, पलारी (नागपुर रोड, सिल्लोडी) स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर परिसर में संपन्न होगा। ट्रस्ट के संतोष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6 बजे ब्रह्म मुहूर्त में होगी। सुबह 11 बजे हवन पूजन का आयोजन किया जाएगा, वहीं दोपहर 3 बजे प्रसाद वितरण एवं भंडारा रखा गया है। कार्यक्रम का समापन सायं 5 बजे भजन संध्या के साथ होगा।

### आमजन से रक्तदान की अपील

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय सिवनी द्वारा जानकारी देकर बतया गया कि जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर में रक्त की कमी होने के कारण गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना में घायल मरीजों, सिकल सेल एवं थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है।
उन्होंने सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान करें। रक्तदान एक महादान है, जिससे कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

### कुरई में अस्थिबाधित दिव्यांगजन हेतु कृत्रिम अंग प्रदाय हेतु शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में एडिप योजना अन्तर्गत अस्थिबाधित दिव्यांगजन के लिए ऑन द स्पॉट कैलीपर्स / कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) के लिए चिन्हाकंन सह वितरण शिविर का आयोजन एस. आर. ट्रस्ट रतलाम के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त शिविरों में दिव्यांगजनों का परीक्षण उपरान्त चिन्हांकित कर शिविर स्थल पर ही कैलीपर्स/कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) बनाकर प्रदान करने की कार्यवाही जारी है। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी ने बताया कि 04 मई को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी सिवनी में आयोजित शिविर में कुल 76 (जनपद पंचायत सिवनी 67 एवं नगरीय निकाय के 09) अस्थिबाधित दिव्यांगजन लाभान्वित हुये।
इसी तारतम्य में जनपद पंचायत कुरई 05 मई 2026, जनपद पंचायत बरघाट 06 मई एवं जनपद पंचायत घंसौर 07 मई 2026 को ऑस्थबाधित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किये जायेंगे। आयोजित शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह द्वारा पात्र अस्थिबाधित दिव्यांगजनो से शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# रेलवे स्टेशन में लिफ्ट सुविधा का इंतजार

## एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जाने में होती है दिक्कत, लंबी दूरी करनी पड़ती है तय

**रेलवे स्टेशन में एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए बुजुर्ग एवं दिव्यांग यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लिफ्ट की सुविधा न होने से यात्री या तो लंबी दूरी तय करके दूसरे प्लेटफॉर्म पर पहुंच रहे हैं या फिर उन्हें 50 से अधिक सीढ़ियों को चढकर पहुंचना पड़ रहा है।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बड़ी बात यह है कि ऐसी स्थिति दो वर्ष से अधिक समय से है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट का निर्माण तो कराया जा रहा है, लेकिन लगभग डेढ़ साल बाद भी कार्य पूरा नहीं हो पाया है। करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए सिवनी रेलवे स्टेशन में बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को लिफ्ट सुविधा न होने से उन्हें दिक्कत हो रही है। सीढ़ी चढने से बुजुर्गों की सांस फूलने लगती है। गोपालगंज निवासी 70 वर्षीय सोहनलाल ने बताया कि वे अक्सर केवलारी जाते हैं। शाम की गाड़ी प्लेटफॉर्म नंबर-दो पर आती है। प्लेटफॉर्म के आगे वाले हिस्से में अंधेरा रहता है। ऐसे में प्लेटफॉर्म नंबर एक से लगभग आधा किमी आगे दी गई सुविधा का उपयोग नहीं कर पाते। सीढ़ी चढकर ही प्लेटफॉर्म नंबर-दो पर जाना पड़ता है। ऐसे में बहुत दिक्कत होती है। अगर लिफ्ट सुविधा होती तो समस्या नहीं आती। यात्रियों का कहना है कि रेलवे को बुजुर्गों का ध्यान रखना चाहिए। जरुरतमंदों के लिए काफी परेशानी होती है। जब तक कार्य पूरा नहीं हो जाता तब तक कोई और विकल्प भी रखना चाहिए।

### कई कार्य हो चुके हैं पूरे, कुछ अधूरे

मंडल के 15 चिन्हित स्टेशनों में 29 लिफ्ट एवं 14 एस्कलेटर का प्रावधान किया गया है। यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु स्टेशन पर उन्नत व आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेटिंग हॉल, जरूरी सुविधाओं में खान-पान, पीने का पानी, एटीएम, इंटरनेट, वॉशरूम, कवर शेड, स्टैंडर्ड साइनेज, स्टेशनों को ग्रीन स्टेशन का रूप देते हुए प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का प्रावधान, वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन के अनुकूल सुविधाएं आदि कार्य होने थे। इसमें से कई कार्य पूरे हो चुके हैं और सुविधा मिल रही है तो कुछ कार्य पूरे होने में अभी समय लगेगा।

### यह होती है परेशानी

रेलवे स्टेशन पर बुजुर्गों, बीमारों और दिव्यांगजनों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए सीढ़ियों का उपयोग करना पड़ता है। इससे काफी परेशानी होती है। अगर स्टेशन में लिफ्ट सुविधा हो जाएगी तो काफी हद तक परेशानी दूर हो जाएगी।

# अच्छी खबरः आज लखनादौन में विशेष जनसुनवाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज 5 मई 2026 (मंगलवार) को जनपद पंचायत प्तलखनादौन में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करेंगे। जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आम नागरिक अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याएं, शासकीय योजनाओं से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। कलेक्टर श्रीमती मीना द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें और जनसुनवाई कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

**आमजन की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण**

## कान्हीवाड़ा से बड़ी लापरवाही उजागर

# घर ले जाकर हल कराई गई परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं स्कूल में जमा-शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**कान्हीवाड़ा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कान्हीवाड़ा में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा से जुड़ी गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया है।**




जानकारी के अनुसार, दिनांक 22 अप्रैल 2026 को छात्रों को प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं उनके घर तक पहुंचा दी गईं। छात्रों को निर्देश दिया गया कि वे घर पर ही प्रश्न हल करें और एक सप्ताह बाद स्कूल में जमा करें। यह प्रक्रिया न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि परीक्षा की पारदर्शिता पर भी बड़ा सवाल खड़ा करती है।
आज 4 मई 2026 को मामला खुला, जब एक व्यक्ति के अचानक विद्यालय पहुंचने पर दो छात्र घर से हल की गई उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने आए। छात्रों ने स्वयं स्वीकार किया कि मैडम ने कहा था कि घर पर हल कर के स्कूल में जमा कर दो, वे बाद में ले जाएंगी।
इस दौरान विद्यालय में न तो संबंधित शिक्षक मौजूद थे और न ही इस व्यवस्था को लेकर कोई स्पष्ट जवाब दिया गया। प्रभारी प्राचार्य भी मामले पर जवाब देने से बचते नजर आए। जानकारी मिली है कि कुछ शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगी हुई है, जबकि स्कूल की छुट्टी 30 अप्रैल 2026 को घोषित हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, कक्षा 9वीं और 11वीं का परिणाम लगातार खराब रहने के कारण यह नई रणनीति अपनाई गई, ताकि रिजल्ट सुधारा जा सके। लेकिन इस तरह की कार्यप्रणाली से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने की आशंका जताई जा रही है।

### मुख्य सवाल

क्या अब परीक्षा घर ले जाकर हल करने का नया नियम लागू हो गया है?
क्या शिक्षा विभाग को इस व्यवस्था की जानकारी है?
क्या यह केवल रिजल्ट सुधारने का तरीका है या गंभीर लापरवाही?
स्थानीय लोगों में आक्रोश, और प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।
अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और दोषियों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

# संस्कार पाठशाला शिक्षक भर्ती पर सवाल अभ्यर्थियों को ठगी से सावधान रहने की चेतावनी

संस्कार पाठशाला में शिक्षक बनने की सोच रहे अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है, जिसमें सर्वत्र शिक्षा समिति के नाम पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है, संस्था द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि वह दिल्ली सरकार (एनसीटी) के तहत पंजीकृत है और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से समर्थित है, जबकि विभिन्न स्रोतों से इस भर्ती को लेकर फर्जीवाड़े की आशंका भी जताई गई है।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जानकारी के अनुसार संस्कार शिक्षक का पद प्राथमिक कक्षाओं (1 से 5) के लिए बताया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन 2 से 3 घंटे कार्य और लगभग 9,240 रुपये मासिक मानदेय का प्रावधान बताया गया है, यह पद अंशकालिक और संविदा आधारित है तथा पदस्थापना गृह पंचायत के नजदीकी स्कूलों में की जा सकती है, अभ्यर्थियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि यदि नियुक्ति, प्रशिक्षण या पंजीकरण के नाम पर किसी भी प्रकार की शुल्क या राशि की मांग की जाती है तो सतर्क रहें और किसी भी प्रकार का भुगतान करने से पहले संबंधित जानकारी की पुष्टि अवश्य करें, उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे संस्कृति मंत्रालय या दिल्ली सरकार की आधिकारिक वेबसाइट तथा स्थानीय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से इस योजना की सत्यता की जांच करें, साथ ही किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले नियम व शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें, अनुबंध से जुड़ी जानकारी में यह भी सामने आया है कि यह नियुक्ति निश्चित मानदेय पर आधारित होगी और अतिरिक्त भत्ते देय नहीं होंगे, वहीं अनुबंध की अवधि को लेकर 1 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की अलग-अलग शर्तों का उल्लेख भी किया गया है, अनुबंध की एक धारा के अनुसार गंभीर कदाचार या नियम उल्लंघन की स्थिति में बिना नोटिस सेवा समाप्त की जा सकती है, हालांकि भारतीय कानून के अनुसार ऐसी स्थिति में जांच और अभ्यर्थी को पक्ष रखने का अवसर देना आवश्यक होता है, प्रशिक्षण को अनिवार्य बताया गया है, जो ऑनलाइन या ऑफलाइन तीन दिन का हो सकता है, अंततः अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से ही आवेदन करें और किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या एजेंट से दूरी बनाकर रखें ताकि किसी प्रकार की ठगी से बचा जा सके।

# छतरपुर में राज्य स्तरीय टेबल टेनिस में संदीप मिश्रा बने विजेता

### विभागीय प्रतियोगिता में संभाग से खेलते हुए बढ़ाया जिले का गौरव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छतरपुर में एक से तीन मई तक आयोजित विभागीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग से खेलते हुए बरघाट के धारनाकला हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ खेल शिक्षक (पीटीआइ) संदीप मिश्रा ने तिहरी सफलता अर्जित कर सिवनी का गौरव बढ़ाया है।
विदित हो कि पूर्व में भी टेबल टेनिस के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन से संदीप मिश्रा अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। मिश्रा बीते सात वर्षों से मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज टेबल टेनिस टीम का हिस्सा हैं।

**अनुभवी खिलाड़ी को हराकर जीता फायनल मुकाबला**

छतरपुर जिले में खेली गई विभागीय प्रतियोगिता में अपना चमकदार प्रदर्शन उन्होंने बरकरार रखा। एकल स्पर्धा में जहां उन्होंने सेमीफाइनल में विक्रम ठाकुर भोपाल को रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। वहीं फाइनल में शिक्षा विभाग के सबसे अनुभवी



खिलाड़ी भोपाल के रविंद्र चौहान को वह पराजित कर जीत हासिल की। डबल्स मुकाबले में अपने साथी संदीप सूर्य के साथ उन्होंने फाइनल मुकाबले में भोपाल टीम के समक्ष कड़ा संघर्ष किया। लेकिन डबल्स में टीम को दूसरे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। टीम चैंपियनशिप में संदीप सूर्य व प्रेम श्रीवास्तव के प्रदर्शन के बल पर वह टीम को तृतीय स्थान दिलाने में सफल रहे।

# बस स्टैंड यात्री प्रतिक्षालय से शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार, चोरी के 12 माबाईल किये जप्त

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए प्रयासरत हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 01 घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 03/05/2026 को प्रार्थीयों शुभम उमरकाम पिता सुखदेव उमरकार उम्र 32 निवासी धारना कला बरघाट सिवनी एंव प्रार्थी रज्जू चंद्रवंशी पिता हरिराम चंद्रवंसी उम्र 23 साल निवासी ग्राम तिनसा थाना छपारा के द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि दिनांक 02/05/2026 को नागपुर से वापस सिवनी आया था एंव गाव धारना एंव ग्राम तिनसा जाने के लिये रात्री मे बस ना होने से बस स्टैंड सिवनी के यात्री प्रतिक्षालय सिवनी में आराम कर रहे थे जो रात्री लगभग 1.00 बजे प्रार्थीयों की पेंट जेब मे रखा मोबाईल रियलमी कम्पनी का एन्ड्राइड मोबाईल १०क्कह्म्श ५त्र जिसमे जीओ की सिम लगी थी एंव एक अन्य एन्ड्राईड मोबाईल क्रूरूङ्ग 2170 कम्पनी का मोबाईल जेब मे नही था। जेब मे एंव आसपास तलास करने पर नही मिला जो मोबाईल किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 305 (क) बी.एन.एस. का अपराध का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।
विवेचना के दौरान उक्त प्रार्थीयों कि रिपोर्ट पर चोर की पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर संभावित स्थानों पर चोर की तलाश पतासाजी शुरु की गई। एंव संदेही अंकित जैन को अभिरक्षा मे लेकर कडाई से पूछताछ करने पर आरोपी अंकित जैन पिता स्व. अनिल कुमार जैन उम्र 23 साल निवासी तिलक वार्ड जैन लॉज के पीछे सिवनी चोरी करना स्वीकार किया। जिसेस दोनो प्रार्थीयो के मोबाईल आरोपी के व्दारा चोरी किए गए थे जो दोनो एन्ड्राईड मोबाईल रियलमी कम्पनी कीमती 15000 रुपये के आरोपी से पृथक पृथक जप्त की जाकर आरोपी अंकित जैन को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।
पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड पूर्व में भी आरोपी अंकित जैन पिता स्व. अनिल कुमार जैन उम्र 23 साल निवासी तिलक वार्ड जैन लॉज के पीछे सिवनी के विरूध्द थाना कोतवाली सिवनी जुआ का अपराध पंजीबध्द है।
जप्ती मे दो एन्ड्राईड मोबाईल कुल कीमती 15000।
गिरफ्तार आरोपी अंकित जैन पिता स्व. अनिल कुमार जैन उम्र 23 साल निवासी तिलक वार्ड जैन लॉज के पीछे।
इस कार्यवही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र. आर. मुकेश गोडाने, चन्द्रप्रकाश अडमें आर. सिध्दार्थ दुबे, सतीश इनवाती प्रतीक बघेल, विश्राम धुर्वे, अंकित देशमुख की विशेष भूमिका रहीं हैं।

## समय-सीमा बैठक सम्पन्न

# योजनाओं और परियोजनाओं को समय-सीमा में मूर्त रूप देकर आमजन को त्वरित लाभ पहुंचायेः कलेक्टर श्रीमती मीना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि शासकीय योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी रूप से मूर्त रूप देकर उनका लाभ शीघ्रता से आम नागरिकों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का प्रत्येक कार्य आमजन की सुविधा, राहत एवं संतुष्टि से सीधे जुड़ा है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय, सतत मॉनिटरिंग एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण परिणाम सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।
बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने



अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकतम शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि 100 दिनों से अधिक लंबित शिकायतें किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं और ऐसी शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।
कलेक्टर श्रीमती मीना ने प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक माह बेहतर कार्य करने वाले 02 अधिकारी/कर्मचारियों का चयन कर उन्हें "एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ" के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य संस्कृति में प्रतिस्पर्धा, जवाबदेही और गुणवत्ता को बढ़ावा मिल सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप सहित सभी एसडीएम, सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।
समय-सीमा में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि हर आवेदन नागरिक की अपेक्षा और विश्वास से जुड़ा होता है, इसलिए सभी प्रकरणों का निर्धारित समय में निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने उच्च न्यायालय एवं विभिन्न आयोगों में लंबित मामलों के समयबद्ध निराकरण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को न्याय प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब न हो।
जल गंगा अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्य सीधे तौर पर ग्रामीण नागरिकों के जीवन और आजीविका से जुड़े हैं। खेत तालाब, अमृत सरोवर, डगवेल रिचार्ज जैसे कार्यों को तेजी से पूर्ण किये जाए।

# ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग का स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनूठा ट्रेनिंग प्रोग्राम

**सिवनी।** (शांति शिखर) मनुष्य का मन जब दूसरे की पीड़ा को अनुभूति करता है तो वहां सहानुभूति , कंपैशन, एंपैथी का उद्धभव होता है। यही कंपैशन, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए जनों की कार्य क्षमताओं और गुणवत्ता में बढ़ोतरी करती है व स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता में वृद्धि करती है। स्वास्थ्य सेवा जनो की इन्हीं गुणवत्ता से पीड़ितों मरीजों की बीमारी को सहज समाप्त करने में अधिक सफलता मिलती है।
उक्त उद्गार ब्रह्माकुमारी संस्थान के लोनिया रोड स्थित शांति शिखर परिसर में, रविवार को स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हुए जनों के विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम में व्यक्त करते हुए ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग से पधारे सीनियर ट्रेनर ब्रह्मा कुमार दत्ता भाई जी ने सिवनी शहर के स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए चुनिंदा स्वास्थ्य सेवी जनों के सम्मुख व्यक्त किऐ। ट्रेनिंग प्रोग्राम को और गहराई में ले जाते हुए ब्रह्मा कुमारीज मेडिकल विंग पुणे से पधारे सीनियर ट्रेनर ब्रह्मा कुमार कमलेश भाई जी ने ट्रेनिंग में पधारे स्वास्थ्य सेवा जनों से अनेक प्रैक्टिकल एक्टिविटी कराई। आगे



ब्रह्मा कुमार दत्ता भाई जी ने बताया की ब्रह्मा कुमारीज मेडिकल विंग और लंदन ब्रिटेन स्थित दादी जानकी फाउंडेशन के तत्वाधान में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए जनों के आंतरिक मूल्य संवर्धन के लिए एक सुंदर प्रोग्राम डिजाइन हुआ है जो यूनिवर्सिटी की डिप्लोमा और डिग्री के माध्यम से भी किया जा सकता है उक्त प्रोग्राम विश्व में बहुत लोकप्रिय हो रहा है और ब्रह्माकुमारी संस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में निशुल्क रूप से यह ट्रेनिंग प्रोग्राम अनेक वर्षों से मानवता की सेवा में निरंतर करता चला आ रहा है। आगे आपने बताया उसे उक्त ट्रेडिंग प्रोग्राम में कुल 6 मॉड्यूल पर गहराई से चिंतन मनन होना है प्रैक्टिकल एक्टिविटी होनी है आज शुरुआती रूप में एक मॉड्यूल पर ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ अन्य मॉड्यूल का ट्रेनिंग प्रोग्राम आगे की डेट पर निर्धारित करके सारे जिले भर के स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए लोगों के लिए संपन्न किए जाएंगे। कार्यक्रम में ब्रह्मा कुमारी सिवनी की जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी जी ने आशीर्वचन देते हुए कहा स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने की बहुत संभावना है और इस तरह के ट्रेनिंग प्रोग्राम स्वास्थ्य कर्मियों की सफलताओं को बढ़ाएंगे दुखी जनों के दुखों को दर्द को कम करेंगे।

### मुस्लिम समाज ने हत्या की आशंका को लेकर पुलिस अधीक्षक को सौंपा था ज्ञापन

# भरवेली हत्याकांड में खुलासा, मृतक के साथ हुआ था बलात्कार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के भरवेली में 15 वर्षीय छात्रा की आत्महत्या के मामले में पुलिस जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। शुरुआती तौर पर इसे सुसाइड माना जा रहा था, लेकिन अब यह मामला दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में बदल गया है।

जानकारी के अनुसार, 27 अप्रैल की रात करीब 1 बजे मुख्य आरोपी अजीत बाहेश्वर (उम्र 20-25 वर्ष) कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली छात्रा को उसके घर से अपने दोस्त की मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया था।

आरोपी उसे घर से करीब एक किलोमीटर दूर एक खेत में ले गया, जहां उसके साथ गलत काम किया गया। पुलिस को आशंका है कि दोनों के बीच पहले से प्रेम संबंध थे, जिसकी पुष्टि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद हो सकेगी।

वारदात के बाद जब छात्रा ने घर छोड़ने की जिद की, तो अजीत ने खुद न जाकर अपने दोस्त लवकुश कोहरे को उसे छोड़ने भेजा। लवकुश भी छात्रा को आधे रास्ते में ही छोड़कर चला गया।

सुनसान राह और डर के कारण छात्रा ने दोबारा मुख्य आरोपी अजीत को फोन लगाया और मदद मांगी, लेकिन उसने सोने का बहाना बनाकर फोन काट दिया।

इसी उपेक्षा और मानसिक तनाव में आकर छात्रा ने 28 अप्रैल की सुबह घर के पास ही पुलिया के लोहे के एंगल से फंदा लगाकर जान दे दी।

घटना के बाद 30 अप्रैल को मुस्लिम समाज ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर निष्पक्ष जांच के लिए ज्ञापन सौंपा। 1 मई को समाज की बैठक हुई और 2 मई को स्थानीय विधायक अनुभा मुंजारे ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

जनप्रतिनिधियों और समाज के बढ़ते दबाव के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल कॉल रिकॉर्ड खंगाले, जिससे पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ।

भरवेली थाना प्रभारी भूपेन्द्रसिंह पंद्रो ने बताया कि मुख्य आरोपी का दोस्त लवकुश कोहरे गिरफ्तार हो चुका है और उसे जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी अजीत बाहेश्वर अभी भी फरार है। पुलिस की टीमें लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





# टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

04 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।



बैठक में सर्वप्रथम समर्थन मूल्य पर गेहूँ एवं चना खरीदी की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि 652 किसानों से 24 हजार 851 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 01 करोड 72 लाख 500 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 2860 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। इसी प्रकार 168 किसानों से 3500 क्विंटल चना की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर श्री मीना ने गेहूँ एवं चना के खरीदी केंद्रो पर किसानों के लिए छाया, पानी एवं अन्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों से खरीदे गए गेहूँ और चना का तेजी से भुगतान करने के निर्देश दिये और कहा कि किसानों को भुगतान के लिए परेशान न होना पडे ऐसी व्यवस्था बनायी जाए।

बैठक में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिन 06 हितग्राहियों के आवास का कार्य अब तक रूका है उसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये गए। शालाओं में बच्चों के पंजीयन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि लांजी के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बैहर के बीआरसी बैठक में उपस्थित नही है जिस पर इन दोनो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया कि अगले 02 दिनों के भीतर शालाओं में बच्चों का शत प्रतिशत पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। 100 प्रतिशत बच्चों का पंजीयन नही होने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। कलेक्टर श्री मीना ने छात्र छात्राओं को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति के फॉर्म शीघ्रता से भरवाने के निर्देश दिये और कहा कि छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान हो जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार व्यक्ति के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत घरों में बिजली के लिए सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए और इसके लिए अधिक से अधिक लोगो से आवेदन कराने कहा गया। इसी प्रकार कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सोलर सिंचाई पंप लगाने के लिए अधिक से अधिक किसानों के प्रकरण तैयार करने और उन्हें बैंक से ऋण दिलाने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत 1071 घरों में सोलर पैनल लगाये जा चुके है एवं कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सिंचाई पंप के लिए 954 प्रकरण तैयार किये जा चुके है।

कलेक्टर श्री मीना ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित हितग्राहियों को बैंक से ऋण दिलाकर स्वरोजगार से जोडने के निर्देश दिये। इसके लिए ऋण प्रकरण तैयार कर शीघ्रता से बैंको को भेजने कहा गया। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में अनुदान एवं ऋण वितरण किया जाता है उसके प्रकरण शीघ्रता से तैयार कर बैंको को भेजे। अधिकारी शासन स्तर से लक्ष्य मिलने का इंतजार न करें बल्कि गत वर्ष मिले लक्ष्य के अनुरूप ही प्रकरण तैयार कर बैंको को भेजे। बैठक में श्रम पदाधिकारी, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबल योजना के अंतर्गत अनग्रह एवं अंत्येष्टि सहायता के प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करें।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे फिल्ड में अधिक से अधिक भ्रमण करें और स्वास्थ्य संस्थाओं में सीएचओ, एएनएम एवं अन्य कर्मचारियों की सार्थक एप्प के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित करें। सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कर्मचारी अपने निर्धारित कार्य स्थल से ही सार्थक एप्प पर हाजरी लगाए।

# जिले में 08 मई को लगेगा हृदय रोगी बच्चों के लिए विशेष शिविर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट द्वारा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए 8 मई 2026 को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला चिकित्सालय स्थित डीईआईसी (DEIC) में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की जांच की जाएगी। यह शिविर भारत सरकार की योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि जिले के 10 विकासखंडों से करीब 160 बच्चों को चिन्हित कर शिविर में बुलाया गया है। साथ ही ऐसे बच्चे भी शिविर में शामिल हो सकते हैं, जिन्हें हृदय संबंधी समस्या है या जिनकी पूर्व में सर्जरी हो चुकी है। सभी बच्चों की निःशुल्क इको जांच की जाएगी। शिविर में मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर के डॉ. के.एल. उमा माहेश्वर एवं नारायणा हृदयालय मुंबई की डॉ. प्रिया प्रधान, शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं देंगी।

शिविर में आने वाले बच्चों को अपने साथ पुरानी इको रिपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी या अन्य पहचान दस्तावेज लाना आवश्यक होगा। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि बच्चों में हृदय रोग के लक्षण जैसे होंठों का नीला पड़ना, जल्दी थक जाना, सांस फूलना, बार-बार सर्दी-खांसी, वजन न बढ़ना, कमजोरी आदि दिखाई देने पर तुरंत जांच कराना चाहिए।

शिविर के सफल आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। इसकी तैयारियों की जिम्मेदारी जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक राजाराम चक्रवर्ती को सौंपी गई है।

### शराब दुकान की बिक्री में आई तेजी से गिरावट

# मंदिर परिसर में बैठी महिलाएं, शराबियों में दहशत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले की कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम सेलवा में करीब 1 माह से शराब दुकान को लेकर विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान गाँव के बीचोंबीच और मंदिर के सामने होने से धार्मिक माहौल बिगड़ रहा है। इसीलिए इसे गांव के बाहर विस्थापित किया जाए। अपनी इस मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय, आबकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित स्थानीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। गांव में खुले में शराब बिक्री से बिगड़ते सामाजिक माहौल को देखते हुए महिलाओं ने गांव में खुले में शराब बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लगाया हुआ है। आलम यह है कि गांव में कहीं भी खुले में पानी पाउच और डिस्पोजल गिलास तक नहीं मिल रही है। गत दिवस शराब दुकान के ठीक बगल में रहने वाली अंजू रामटेके और उनके बेटे हर्ष रामटेके के द्वारा शराबियों को अपने घर में बिठाकर शराब पिलाए जाने की शिकायत के बाद से महिलाओं ने शराब दुकान के सामने वाले मंदिर के सामने पंडाल लगाकर वहीं बैठना शुरू कर दिया है। जिस कारण शराब दुकान की बिक्री में तेजी से गिरावट आई है। इस गिरावट को देखते हुए मंदिर परिसर में बैठी महिलाओं से रविवार को शराब दुकान ठेकेदार ने संवाद करने की कोशिश की लेकिन कोई चर्चा नहीं हुई। हालांकि शाम 05 बजे शराब दुकान के एक स्थानीय कर्मचारी ने महिलाओं से चर्चा करते हुए बातचीत का सिलसिला शुरू किया। शाम 06 बजे गांव के बाहर एक सरकारी भूमि भी शराब दुकान के कर्मचारी को दिखाई गई है।

गौरतलब हो कि पहले शराबी शराब पीकर गांव की सड़क पर हुड़दंग करते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों को असुरक्षा महसूस होती है। शराबियों की इन हरकतों पर अंकुश लगाने के लिए महिलाओं ने एक समिति गठित की है और पंच परमेश्वर आधारित एक फैसला भी लिया है। महिलाओं ने पैकारी घरों और किराना दुकानों में अवैध शराब बिक्री करने वालों पर 20 हजार रुपए, खुले में शराब पीने वालों पर 5 हजार रुपए का जुर्माना तय किया है जिसका व्यापक असर दिखाई दे रहा है अब गांव में ना तो पैकारी होती है और ना ही खुले में कहीं कोई शराब पी रहा है। गांव के सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी आंदोलन का समर्थन किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शराब दुकान को गांव से बाहर स्थानांतरित किया जाए। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जाएगी और उचित कदम उठाए जाएंगे। सेलवा गांव का आंदोलन केवल एक दुकान के विस्थापन की मांग नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण समाज की बदलती सोच और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का प्रतीक है। मंदिर के सामने बैठी महिलाएँ यह संदेश दे रही हैं कि आस्था और सामाजिक मर्यादा से समझौता नहीं किया जा सकता। खुले में शराब बिक्री पर रोक और हुड़दंगियों पर जुर्माना लगाने की मांग से यह स्पष्ट है कि ग्रामीण अब अनुशासन और सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू हुई सीएम किसान हेल्पलाइन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं मार्गदर्शन के लिए ₹सीएम किसान हेल्पलाइन₹ प्रारंभ की गई है। हेल्पलाइन नंबर 155253 पर जिले के किसान, कॉल कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा तथा कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं परामर्श भी उपलब्ध कराया जाएगा।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि खेती-बाड़ी, फसल, कृषि तकनीक, योजनाओं अथवा अन्य कृषि संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु किसान हेल्पलाइन का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन के माध्यम से किसानों को केंद्र एवं राज्य शासन की कृषि हितैषी योजनाओं की जानकारी, लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा आधुनिक कृषि तकनीकों संबंधी सलाह भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल प्रबंधन, उन्नत कृषि पद्धतियों एवं कृषि वैज्ञानिकों से विशेषज्ञ सलाह प्राप्त करने के लिए यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। जिले के सभी किसानों से इस सुविधा का अधिकतम लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

### रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल की पहल

# शहर के 5 प्रमुख स्थानों पर प्याऊ स्थापित, भीषण गर्मी में आमजन को मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए आम नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर शीतल पेयजल (प्याऊ) सेवा प्रारंभ की गई है। क्लब की इस सेवा भावना से प्रेरित पहल के अंतर्गत शहर के 5 प्रमुख एवं अत्यधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों—अंबेडकर चौक, कालीपुतली चौक, जिला सत्र न्यायालय परिसर, इतवारी गंज एवं श्याम मॉल के सामने—प्याऊ स्थापित किए गए हैं।इन स्थानों का चयन विशेष रूप से इस आधार पर किया गया है कि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीर, श्रमिक, व्यापारी, विद्यार्थी एवं ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोग आते-जाते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर क्लब ने एक अत्यंत उपयोगी एवं जनहितकारी पहल की है।विशेष बात यह है कि इन सभी प्याऊ केंद्रों पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए RO (आरओ) पानी के केन रखे जा रहे हैं, जिससे लोगों को स्वच्छ, फिल्टर्ड एवं स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित पानी मिल सके। साथ ही पानी को ठंडा बनाए रखने की भी उचित व्यवस्था की गई है, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को अधिकतम राहत मिल सके।




प्याऊ केंद्रों पर स्वच्छता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रत्येक केंद्र पर नियमित रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था की गई है तथा पानी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु क्लब के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सदस्य समय-समय पर इन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, जिससे सेवा कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।गर्मी के इस मौसम में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं इन प्याऊ केंद्रों के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को राहत मिल रही है। विशेष रूप से दोपहर के समय इन स्थानों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है, जो इस पहल की सार्थकता और आवश्यकता को दर्शाती है। स्थानीय नागरिकों द्वारा भी इस सेवा कार्य की सराहना की जा रही है।

क्लब के अध्यक्ष संदीप असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी क्लब सदैव से मानव सेवा को सर्वोपरि मानता आया है। उन्होंने कहा कि "जल सेवा ही जीवन सेवा है" और इसी भावना के साथ क्लब द्वारा हर वर्ष गर्मी के मौसम में प्याऊ स्थापना की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्य केवल सेवा नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन है।कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से सहभागिता करते हुए व्यवस्था को सफल बनाया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संदीप असाटी, सचिव आशीष साहू, कोषाध्यक्ष राजेश गांधी, एवं डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम से क्लब मेंटर कमलजीत सिंघ छाबड़ा, प्रेसिडेंट-इलेक्ट अंकित अग्रवाल, क्लब ट्रेनर सीए बलजीत छाबड़ा सहित विक्रम भूते, गौरव कोचर, मुकुल राठौर, हरजीत पाल सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंघ छाबड़ा, नरेन्दर सिंघ छाबड़ा, सौरभ हरिनखेरे, डॉ. प्रदीप मेश्राम, असीम पाठक, लखविंदर सिंघ भंगल, धनेंद्र रहांगडाले, केशव परिहार, संजय बेदी, रवि सचदेव, संतोष नाहर, जयेश भाई परमार, बलविंदर पाल सिंह राजपूत, राहुल तुरकर, अशोक जैन, राजा सोनी, अरविंद अग्निहोत्री एवं राहुल जैन उपस्थित रहे।क्लब सचिव आशीष साहू ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सुविधा का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें, पानी की अनावश्यक बर्बादी से बचें एवं प्याऊ केंद्रों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें, ताकि यह सेवा लंबे समय तक निरंतर चलती रहे और अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।अंत में क्लब के पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि भविष्य में भी रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा इसी प्रकार के जनहित एवं समाज सेवा से जुड़े कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

### राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में इशराख शेख ने जीता कांस्य पदक



**बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर कैडेट एवं जूनियर कराटे प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के खिलाड़ी इशराख शेख ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 1 मई से 3 मई तक इंदौर पब्लिक स्कूल, राजेंद्र नगर, इंदौर में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के लगभग 20 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने कुमीते और काता जैसी विभिन्न कराटे विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र के खेल प्रशिक्षक श्री सचिंद्र कृष्णन ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र बालाघाट के खिलाड़ी इशराख शेख ने कड़े मुकाबलों के बीच शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। कोच एवं खेल प्रेमियों ने इशराख की इस सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और समर्पण से खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन कर सकते हैं।

# 880 ग्राम के नवजात को 60 दिनों की जंग के बाद मिली जीत

### माता पिता खुशी से हुए भावुक स्टॉफ का किया आभार व्यक्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कहते हैं, जब हौसला और सही इलाज साथ हों तो सबसे कठिन लड़ाई भी जीती जा सकती है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू (विशेष नवजात देखभाल इकाई) में देखने को मिला, जहां महज 880 ग्राम वजन के एक नवजात शिशु ने 60 दिनों की कठिन जंग लड़कर जिंदगी की नई शुरुआत की।





मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि वार्ड नंबर 11, मोहगांव (पोस्ट चांगोटोला, तहसील लामता) निवासी सुमन्द्री उइके ने 24 फरवरी 2026 को दोपहर 3:39 बजे पीएचसी मोहगांव में एक बालक को जन्म दिया। शिशु का जन्म समय से पहले (28 सप्ताह) और बेहद कम वजन (लगभग 800 ग्राम) के साथ हुआ, जिससे उसकी हालत बेहद नाजुक थी। स्थिति गंभीर होने पर नवजात को तुरंत जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। सांस लेने में अत्यधिक तकलीफ के चलते शिशु को प्रोटोकॉल के तहत 11 दिनों तक वेंटिलेशन सपोर्ट (मशीन) पर रखा गया। साथ ही 5 दिनों तक एंटीबायोटिक दवाओं का उपचार भी दिया गया।

डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की सतत निगरानी में शिशु को शुरुआत से ही मां का दूध नली के माध्यम से दिया गया। धीरे-धीरे हालत में सुधार आने पर उसे कटोरी-चम्मच से दूध पिलाना शुरू किया गया। नियमित जांच, देखभाल और विशेष उपचार के चलते शिशु की स्थिति में लगातार सुधार होता गया। करीब 60 दिनों की कड़ी निगरानी और उपचार के बाद, 23 अप्रैल 2026 को जब शिशु का वजन बढ़कर 1500 ग्राम हो गया और वह पूरी तरह स्वस्थ हो गया, तब उसे सफलतापूर्वक डिस्चार्ज कर दिया गया। इस सफलता के पीछे एसएनसीयू के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की अथक मेहनत और समर्पण रहा। बच्चे के स्वस्थ होकर घर लौटने पर माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने भावुक होकर पूरे मेडिकल स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com